MPPSC 2013

1.'मानसून' शब्द की व्युत्पत्ति हुई:

A. अरबी भाषा से

B. स्पेनिश से

C. हिन्दी से

D. आंग्ल भाषा से

Answer ||| A

Solution
||| मानसून शब्द की व्युत्पत्ति अरबी भाषा के शब्द 'मौसिम से हुई है, जिसका अर्थ, मौसमी पवन है इन पवनों की दिशा मौसम के अनुसार बदलती है।

2.'गण्डक परियोजना' किन दो राज्यों की संयुक्त परियोजना है ?

A. बिहार व नेपाल

B. उ.प्र. व म.प्र.

C. बिहार व पश्चिम बंगाल

D. बिहार व म.प्र.

Answer ||| A

Solution
||| गण्डक परियोजना - यह गण्डक नदी पर है जिसका उद्गम नेपाल से होता है। गण्डक परियोजना बिहार तथा नेपाल के बीच है।

3.भारत का सबसे छोटा केन्द्र शासित क्षेत्र कौन सा हैं ?

A. चण्डीगढ़

B. अण्डमान तथा निकोबार

C. लक्षद्वीप

D. दादर तथा नगर हवेली

Answer ||| C

Solution ||| भारत में 7 केन्द्र शासित प्रदेश है जिनमें सबसे छोटा लक्षद्वीप है।

4.निम्न में से किस स्थान पर अलकनन्दा तथा भागीरथी का संगम होता है ?

A. विष्णु प्रयाग
B. कर्ण प्रयाग
C. रुद्र प्रयाग
D. देव प्रयाग

Answer ||| D

Solution
||| अलकनंदा तथा भागीरथी का संगम देव प्रयाग में होता है, जहां पर इन दो नदियों के मिलन से इनके सम्मिलित रूप को गंगा नदी कहा जाता है ।

5.महान हिम-युग का संबंध किससे है ?

A. प्लीस्टोसीन
B. ओलिगोसीन
C. होलोसीन
D. इओसीन

Answer ||| A

Solution ||| महान हिम-युग का संबंध प्लीस्टोसीन से है।

6.'रेगर मिट्टी' का दूसरा नाम है ?

A. लाल मिट्टी
B. काली मिट्टी
C. ऊसर मृदा



https://www.evidyarthi.in

D. मिश्रित लाल-पीली मिट्टी

Answer ||| B

Solution
||| 'रेगर मिट्टी' को काली मिट्टी तथा कपासी मिट्टी भी कहा जाता है। यह मिट्टी भारत में गु
जरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के पश्चिमी क्षेत्र बहुतायत से पायी जाती है।

7.आई.आई.सी.पी.आर. के अनुच्छेद _______ द्वारा बाल अधिकार को सुरक्षित किया गया है।

A. 35
B. 24
C. 21
D. 23

Answer ||| B

Solution
||| भारतीय संविधान के अनुच्छेद 24 में बालकों के नियोजन का प्रतिषेध है अर्थात् 14 वर्ष से क
म आयु वाले किसी बच्चे को कारखानों या अन्य किसी जोखिम भरे काम पर नहीं लगाया जा सक
ता है।

8.पी.आई.एल. है:

A. पब्लिक इन्टरेस्ट लिटिगेशन
B. पब्लिक इन्क्वायरी लिटिगेशन
C. पब्लिक इन्वेस्टमेन्ट लिटिगेशन
D. प्राइवेट इन्वेस्टमेन्ट लिटिगेशन

Answer ||| A

Solution ||| पी.आई.एल. - पब्लिक इन्टरनेट लिटिगेशन है।

9.'यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्रूमन राइट्स' में कुल कितने अनुच्छेद हैं ?

A. 29
B. 28
C. 30
D. 32

Answer ||| C

Solution ||| यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स में कुल 30 अनुच्छेद है।

10.'अपार्थिव' है:

A. लिंग-भेद से संबंधित व्यवस्था

B. आयु-वर्ग से संबंधित व्यवस्था

C. दक्षिण अफ्रीका में प्रचलित संस्थागत प्रजाती पृथकता की व्यवस्था

D. जाति पर आधारित व्यवस्था

Answer ||| C

Solution
||| 'अपार्थिव' , 1948 और 1991 के बीच दक्षिण अफ्रीका में संस्थागत नस्लीय विभेद और भेद भाव की एक प्रणाली थी

11.पूर्ति कीजिए: _________ बिना कर्तव्य के उसी प्रकार है जैसे मनुष्य बिना परछाई के।'

A. विष्वास

B. अधिकार

C. नैतिकता

D. कार्य

Answer ||| B

Solution ||| 'अधिकार बिना कर्तव्य के उसी प्रकार है जैसे मनुष्य बिना परछाई के।'



https://www.evidyarthi.in

12.'मानवाधिकार दिवस' मनाया गया है ?

A. 10 दिसम्बर को
B. 9 दिसम्बर को
C. 10 नवम्बर को
D. 10 अक्टूबर को

Answer ||| A

Solution
||| व्याख्याः मानवाधिकार दिवस प्रतिवर्ष 10 दिसम्बर को मनाया जाता है इसकी शुरूआत सन् 1950 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 10 दिसम्बर को इस रूप् में मनाने का निर्णय लिया गया।

13.'वर्ल्ड ऑफ ऑल ह्युमन राइट्स' पुस्तक के लेखक हैं ?

A. चेतन भगत
B. विष्णु सहाय
C. सोली जे. सोराबजी
D. अरुण जेटली

Answer ||| C

Solution ||| 'वर्ल्ड ऑफ ऑल ह्युमन राइट्स' पुस्तक के लेखक सोली जे. सोरावली है।

14.यू.एन. द्वारा सन् _________ को अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष के रूप में मनाया गया।

A. 1975
B. 1976
C. 1977
D. 1972

Answer ||| A

Solution ||| यू.एन. द्वारा सन् 1975 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष के रूप में मनाया गया।

15.न्यायालय उपधारित कर सकता है कि अपराध गठित करने वाला कोई कृत्य 'अस्पृश्यता' के आधार पर किया गया था, यदि ऐसा अपराध... के संबंध में किया गया है।

A. अनुसूचित जाति के सदस्य
B. अनुसूचित जनजाति के सदस्य
C. किसी भी समुदाय के सदस्य
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

Answer ||| A

Solution
||| यदि अपराध गठित करने वाला कोई कृत्य 'अस्पृश्यता' के आधार पर किया गया था। यदि ऐ सा अपराध अनुसूचित जाति के सदस्य के संबंध में किया गया है।

16.अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अधी न अपराध के लिए अभियोजन में, अभियुक्त अपने बचाव में अभिवाक नहीं ले सकता है कि

A. कार्य निजजी प्रतिरक्षा के अधिकार के प्रयोग में किया गया था
B. वह भी पीड़ित की ही जाति का है।
C. कार्य से इतनी थोड़ी अपहानि हुई है जो शिकायत का विषय नहीं हो सकता है।
D. उपरोक्त में से कोई नहीं।

Answer ||| D

Solution ||| .

17.भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 का संबंध है ?

A. शिक्षा से
B. स्वास्थ्य से
C. अस्पृष्यता उन्मूलन से
D. खाद्य सुरक्षा से



https://www.evidyarthi.in

Answer ||| C

Solution ||| भारतीय संविधान में अनुच्छेद 17 अस्पृष्यता का अंत से संबंधित है।

18.अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अधीन विषेष न्यायालय निम्न में से कौन-सी शक्ति का प्रयोग नहीं कर सकता ?

A. व्यक्ति को हटाया जाना

B. सम्पति का समपहरण

C. व्यक्ति का माप लिया जाना

D. सामूहिक जुर्माना आरोपित करना

Answer ||| D

Solution

||| सामूहिक जुर्माना आरोपित करने का अधिकार राज्य सरकार को है इसलिए यह शक्ति न्यायालय प्रयोग नहीं कर सकता।

19.अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अधीन किये गये अपराध का अन्वेषण ऐसे पुलिस अधिकारी द्वारा किया जाएगा जो...रैंक से कम का न हो।

A. उप-निरीक्षक

B. निरीक्षक

C. उप-अधीक्षक

D. अधीक्षक

Answer ||| C

Solution

||| अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989 के अधीन किये गये अपराध का अन्वेषण उप अधीक्षक रैंक के पुलिस अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

20.अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अधीन निम्न में से क्या पूर्णतः निषिद्ध है ?

A. गिरफ्तारी पूर्व जमानत

B. गिरफ्तारी पश्चात् जमानत

C. परिवीक्षा का लाभ

D. उपरोक्त सभी

Answer ||| A

Solution
||| गिरफ्तारी पूर्व जमानत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989 के अधीन पूर्णतः निषिद्ध है।

21.अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के आधीन अपराधों का विचारण करने के लिए राज्य सरकार _____ की सहमति से सत्र न्यायालय को विषेष न्यायालय विनिर्दिष्टकर सकती है?

A. राज्यपाल

B. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

C. संबंधित जिले के सत्र न्यायाधीश

D. विधि मंत्रालय

Answer ||| B

Solution
||| अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अधीन अपराधों का विचारण करने के लिए राज्य सरकार उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से सत्रन्यायालय को विषेष न्यायालय विनिर्दिष्ट कर सकती है।

22.अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अधीन अपराध अभियोजना में, न्यायालय निम्न में से क्या उपधारित कर सकता है?



https://www.evidyarthi.in

A. दुष्प्रेरण
B. सामान्य आशय
C. सामान्य उद्देश्य
D. उपरोक्त सभी

Answer ||| D

Solution
||| अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अधीन अपराध अभियोजना में न्यायालय दुष्प्रेरण, सामान्य आशय, सामान्य उद्देश्य को उपधारित कर सकता है।

23.सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 के अधीन सभी अपराध ________ है।

A. संज्ञेय
B. जमानतीय
C. शमनीय
D. कारावास तथा जुर्माना दोनो मे दण्डनीय

Answer ||| A

Solution ||| सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 के अधीन सभी अपराध संज्ञेय है।

24.ई-मेल पते के दो भाग कौन-कौन से होते है?

A. प्रयोगकर्ता का नाम व घर का पता
B. वैधानिक नाम तथा फोन नम्बर
C. हस्ताक्षर तथा पासवर्ड
D. प्रयोगकर्ता का नाम व डोमेन का नाम

Answer ||| D

Solution ||| ई-मेल पते के दो भाग प्रयोगकर्ता का नाम व डोमेन का नाम होता है।

25.‘मेन्यू’ में ______ की सूची होती है?

A. डाटा

B. ऑब्जेक्ट

C. रिपोर्ट

D. कमाण्ड

Answer ||| D

Solution ||| ‘मेन्यू’ में सभी की कमाण्ड की सूची होती है।

26.ज्ंक ई-मेल की _______ भी कहते हैं?

A. स्पूफ

B. स्पूल

C. स्निफर स्क्रिप्ट

D. स्पैम

Answer ||| D

Solution ||| जंक ई-मेल को स्पेम भी कहते है।

27.इनमें से कौन-सा कम्प्यूटर हार्डवेयर नहीं है ?

A. माउस

B. प्रिन्टर

C. मॉनिटर

D. एक्सेल

Answer ||| D



https://www.evidyarthi.in

Solution
||| एक्सेल यह एक सॉफ्टवेयर है अन्य सभी माउस, प्रिन्टर, मॉनिटर कंप्यूटर के हार्डवेयर है|

28.एक डिजिटल घड़ी में किस प्रकार का कम्प्यूटर हो सकता है ?

A. मेनफ्रोम
B. सुपर कम्प्यूटर
C. नोटबुक कम्प्यूटर
D. इम्बेडेड कम्प्यूटर

Answer ||| D

Solution ||| एक डिजिटल घड़ी में इम्बेडेड कम्म्यूटर होता है।

29.डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू.- वर्ल्ड वाइव वेब के आविष्कारक कौन माने जाते हैं ?

A. एडवर्ड
B. बिल गेट्स
C. टिम बर्नर्स-ली
D. विनोद धाम

Answer ||| C

Solution ||| www के आविष्कारक टिम बर्नर्स-ली है।

30.इनमें से कौन-
सा वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा में उत्तर पत्रक को जांचने के लिए प्रयुक्त किया जाता है ?

A. एम आई सी आर
B. ओ एम आर
C. ओ सी आर
D. एम सी आर

Answer ||| B

Solution
||| ओ.एम.आर का प्रयोग वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षण में उत्तर जांचने के लिए प्रयुक्त किया जा ता है।

31.इन्दौर में आकाशवाणी केन्द्र की स्थापना कब हुई ?

A. 15 अगस्त, 1952

B. 22 मई, 1955

C. 24 मई, 1955

D. 16 अगस्त, 1952

Answer ||| B

Solution ||| इंदौर में आकाशवाणी केन्द्र की स्थापना 22 मई 1955 को हुई।

32.मध्यप्रदेश में विधानसभी सीटों की संख्या है ?

A. 230
B. 232
C. 225
D. 216

Answer ||| A

Solution
||| मध्यप्रदेश के विभाजन (2000) के बाद प्रदेश में विधानसभा सीटों की संख्या 230 है तथा लोक सभा सीट 29 व राज्य सभा सीट 11 है।

33.तानसेन का मूल नाम था ?

A. मकरचन्द पाण्डेय

B. रामतनु पाण्डेय



https://www.evidyarthi.in

C. लाला कलावन्त

D. बाज बहादुर

Answer ||| B

Solution
||| सुप्रसिद्ध संगीतकार तानसेन का मूल नाम रामतनु पाण्डेय था। वे अकबर के नवरत्नों में से एक थे।

34.भारत की सबसे बड़ी जनजाति कौन सी है ?

A. गोड

B. इरुला

C. पनियन

D. राजी

Answer ||| A

Solution
||| भारत की सबसे बड़ी जनजाति गोंड है तथा राज्य में यह भील के बाद द्वितीय बड़ी जनजाति है।

35.देवास प्रसिद्ध है ?

A. वस्त्र उद्योग के लिए

B. शहद उत्पादन के लिए

C. करेन्सी नोट की छपाई के लिए

D. सिक्के की ढलाई के लिए

Answer ||| C

Solution ||| देवास में करेन्सी नोट की छपाई की जाती है। इसकी स्थापना 1975-76 ई. में की गई थी।

36.इनमें से कौन-सी मध्य प्रदेश की बोली नहीं है ?

A. भोजपुरी

B. ब्रजभाषा

C. मालवी

D. निमाड़ी

Answer ||| A

Solution ||| भोजपुरी बोली मध्य प्रदेश में नहीं अपितु बिहार में बोली जाती है।

37.महारानी लक्ष्मीबाई की समाधि कहां स्थित है ?

A. मण्डला

B. माण्डू

C. जबलपुर

D. ग्वालियर

Answer ||| D

Solution
||| महारानी लक्ष्मीबाई की समाधि ग्वालियर में स्थित है। रानी का जन्म 1835 ई. में वाराणसी में हुआ तथा 18 जून 1858 को देश के लिए बलिदान हो गई।

38.भीमबेटका की गुफाएं कहां स्थित है ?

A. भोपाल

B. पचमढ़ी

C. सिंगरौली

D. अब्दुल्लागंज-रायसेन

Answer ||| D



https://www.evidyarthi.in

Solution
||| भीमबेटका विश्व का सबसे बड़ा गुफा समूह है यह अब्दुल्लागंज रायसेन जिले में है|

39.मध्यप्रदेश का सबसे ऊंचा जल-प्रपात कौनसा है ?

A. कपिलधारा जल-प्रपात
B. भालकुण्ड जल-प्रपात
C. चचाई जल-प्रपात
D. सहस्त्रधारा जल-प्रपात

Answer ||| C

Solution |||

| जल-प्रपात | ऊंचाई (मी.) | नदी |
|---|---|---|
| चचाई | 130 | बीहड़ |
| सहस्त्रधारा | 8 | नर्मदा |
| कपिलधारा | 15 | नर्मदा |
| भालकुण्ड | 38 | बीना |

40.उज्जैन स्थित 'महाकाल' का मंदिर किस नदी के किनारे स्थित है?

A. ताप्ती
B. चम्बल
C. क्षिप्रा
D. नर्मदा

Answer ||| C

Solution ||| उज्जैन स्थित महाकाल का मंदिर क्षिप्रा नदी के किनारे स्थित है|

41.खजुराहो के मन्दिर ______ जिले मे स्थित है।

A. मण्डला

B. छतरपुर

C. बालाघाट

D. रीवा

Answer ||| B

Solution
||| खजुराहो के मन्दिर मध्यप्रदेश राज्य के छतरपुर जिले में स्थित है। इनका निर्माण चंदेल राजा ओं द्वारा 950-1050 ई. के करवाया गया था।

42.मध्यप्रदेश की सबसे पुरानी (सागर) यूनिवर्सिटी की स्थापना का वर्ष क्या है?

A. 1944
B. 1945
C. 1948
D. 1946

Answer ||| D

Solution
||| मध्यप्रदेश की सबसे पुरानी व एक मात्र केन्द्रीय यूनिवर्सिटी डॉ. हरिसिंह गौर सागर की स्थापना सन् 1946 में की गई थी।

43.मध्य प्रदेश की ऊर्जा राजधानी किस जिले को कहते है?

A. भोपाल

B. सिंगरौली

C. जबलपुर

D. इन्दौर

Answer ||| B

Solution ||| मध्य प्रदेश की ऊर्जा राजधानी सिंगरौली को कहा जाता है



https://www.evidyarthi.in

44.मध्यप्रदेश का प्रसिद्ध वस्त्र प्रकार हैः

A. कोटा
B. तन्तुज
C. खद्दर
D. चन्देरी

Answer ||| D

Solution
||| मध्यप्रदेश का प्रसिद्ध वस्त्र प्रकार चन्देरी है| चन्देरी यह एक शहर है जो अशोक नगर जिले में है चन्देरी साड़ियो के प्रसिद्ध है।

45.'गोल्डन गर्ल' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

A. सुनील गावस्कर
B. पी.टी. उषा
C. सचिन तेंदुलकर
D. मल्लेसवरी

Answer ||| B

Solution ||| 'गोल्डन गर्ल' पुस्तक के लेखक पी.टी. उषा है।

46.क्रिकेट की एक गेंद का वजन होता है?

A. 159.9 ग्राम से 163 ग्राम तक
B. 149.9 ग्राम से 153 ग्राम तक
C. 169.9 ग्राम से 174 ग्राम तक
D. 139.9 ग्राम से 143 ग्राम तक

Answer ||| A

Solution
||| क्रिकेट की एक गेंद का वजन 159.9 ग्राम से 163 ग्राम तक तथा बल्ले की लम्बाई 38 इंच तथा चौड़ाई 4.25 इंज अधिकतम होती है क्रिकेट पिच की लम्बाई 22 गज होती है।

47.'एशियन गेम्स' में 400 मीटर की दौड़ में भारत की किस महिला ने पहली बार स्वर्ण पदक हासिल किया ?

A. एम.एल. वालसम्मा
B. पी.टी.उषा
C. कमलजीत सन्धू
D. के. मल्लेश्वरी

Answer ||| C

Solution
||| एशियन गेम्स में 400 मीटर दौड़ में भारत की कमलजीत सन्धू ने पहली बार स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

48.इनमें से कौनसा खेल ओलम्पिक में सम्मिलित नहीं है?

A. स्कींग
B. साइकलिंग
C. क्रिकेट
D. तीरंदाजी

Answer ||| C

Solution
||| ओलम्पिक खेल में क्रिकेट को शामिल नहीं किया गया है, जबकि स्कींग, साइकलिंग, तीरंदाजी सम्मिलित है।

49.शतरंज के एक बोर्ड में कितने वर्ग/खाने होते हैं ?


https://www.evidyarthi.in

A. 54
B. 64
C. 56
D. 72

Answer ||| B

Solution ||| शतरंज के एक बोर्ड में 64 वर्ग/खाने होते है।

50.सन् 2014 तक किस देश ने हॉकी (पुरुष) वर्ल्ड कप खिताब को तीसरी बार जीता ?

A. नीदरलैण्ड

B. भारत

C. ऑस्ट्रेलिया

D. पाकिस्तान

Answer ||| C

Solution |||

| **देश** | **हॉकी में विश्व विजेता वर्ष (1971 से 2014 तक)** |
|---|---|
| नीदरलैण्ड | 1998 |
| भारत | 1975 |
| ऑस्ट्रेलिया | 1986, 2010, 2014 |
| पाकिस्तान | 1971, 1978, 1982, 1994 |

51.'बटरफ्लाई स्ट्रोक' शब्द का सम्बन्ध है:

A. तैराकी से

B. मुक्केबाजी से

C. कुश्ती से

D. कबड्डी से

Answer ||| A

Solution |||

| खेल | खेल से संबंधित शब्द |
|---|---|
| तैराकी | बटरफ्लाई स्ट्रोक |
| मुक्केबाजी | हुक, पंच |
| कुश्ती | हीव, मैठ |

52.खो-खो खेल में कितने खिलाड़ी एक टीम में होते है?

A. 11
B. 7
C. 12
D. 9

Answer ||| D

Solution ||| खो-खो खेल में 12 खिलाड़ी एक टीम में होते है।

53.निम्नलिखित में से कौन-सा सिन्धु घाटी की सभ्यता से सम्बन्धित स्थल नही है?

A. कालिबंगन

B. रोपड़

C. पाटलिपुत्र

D. लोथल

Answer ||| C

Solution
||| सिन्धु घाटी सभ्यता से सम्बन्धित स्थल कालिबंगन (राजस्थान), रोपड़ (पंजाब), लोथल (गुजरात) है। किन्तु पाटलिपुत्र यह नंदवंश, मौर्य, कण्व आदि वंषो की राजधानी थी।

54.संस्कृत साहित्य का प्रादुर्भाव किस वेद द्वारा हुआ?

A. यजुर्वेद

B. अथर्ववेद



https://www.evidyarthi.in

C. सामवेद
D. ऋग्वेद

Answer ||| D

Solution ||| संस्कृत साहित्य का प्रादुर्भाव ऋग्वेद द्वारा हुआ यह सबसे प्राचीन वेद है।

55.'पंचतन्त्र' मूल रुप से लिखी गई:

A. कालिदास
B. विष्णु शर्मा द्वारा
C. तुलसीदास द्वारा
D. रैदास द्वारा

Answer ||| B

Solution
||| 'पंचतन्त्र' विष्णु शर्मा द्वारा लिखी गई। यह भारत की सर्वाधिक बार अनुवादित पुस्तक है।

56.निम्नलिखित में से कौन-सा 'चारधाम' में सम्मिलित नहीं है?

A. पुरी
B. द्वारिका
C. मानसरोवर
D. रामेश्वरम

Answer ||| C

Solution ||| हिन्दू सम्प्रदाय के पूजनीय चारधाम स्थल इस प्रकार है।

| धाम | स्थान |
|---|---|
| पूरी | ओडिशा |
| द्वारिका | गुजरात |
| रामेश्वरम | तमिलनाडु |
| बद्रीनाथ | उत्तराखंड |

57.महाकुम्भ कितने वर्षो के अन्तराल में होता है ?

A. 12 वर्ष

B. 10 वर्ष

C. 9 वर्ष

D. 6 वर्ष

Answer ||| A

Solution

||| महाकुंभ का आयोजन भारत के चार स्थानों हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और इलाहाबाद में हो ता है। सामान्यतः महाकुंभ एक स्थान पर 12 वर्ष के अंतराल में आयोजित होता है।

58.निम्नलिखित में से कौन-सा संगीत वाद्य इण्डो-इस्लामिक उत्पत्ति का नहीं है ?

A. सितार

B. तबला

C. सारंगी

D. शहनाई

Answer ||| D

Solution

||| शहनाई वाद्य यन्त्र पूर्णतः भारतीय वाद्य है जबकि सितार, तबला, सारंगी इनका अविष्कार आमीर खुसरो ने किया है तथा यह वाद्य इण्डो इस्लामिक उत्पत्ति का है।



https://www.evidyarthi.in

59.प्रथम पंचवर्षीय योजना का प्रारम्भ हुआ ?

A. 1951-52
B. 1956-57
C. 1961-62
D. 1966-67

Answer ||| A

Solution ||| प्रथम पंचवर्षीय योजना का प्रारम्भ 1951-52 में हुआ। इस योजना में कृषि विकास पर बल दिया गया और साथ ही सामुदायिक विकास कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया। यह योजना हैरड-डोमर मॉडल परआधारित थी।

60.निम्नलिखित में से कौन 'सर्वोदय योजना' की रूपरेखा तैयार करने में सम्मिलित था ?

A. एम.एन.रॉय
B. जयप्रकाश नारायण
C. मोरारजी देसाई
D. श्रीमन नारायण अग्रवाल

Answer ||| B

Solution ||| 'सर्वोदय योजना' की रूपरेखा तैयार करने में जय प्रकाश नारायण सम्मिलित थे।

61.'नेशनल प्लानिंग कमेटी' का गठन किया ?

A. जवाहरलाल नेहरू
B. ए. दलाल
C. सुभाषचन्द्र बोस
D. लालबहादुर शास्त्री

Answer ||| C

Solution ||| नेशनल प्लानिंग कमेटी का गठन सुभाषचन्द्र बोस द्वारा किया गया था।

62.निम्न में से विश्व में कौनसा देश उर्वरक उत्पादक तथा उपभोक्ता के रूप में तीसरे स्थान पर है ?

A. यू.एस.ए.
B. चीन
C. भारत
D. जर्मनी

Answer ||| C

Solution ||| .

63.निम्न में से कौनसा देश भारत के सम्पूर्ण आयात का सबसे बड़ा स्त्रोत हैं ?

A. यू.ए.ई.
B. स्विट्जरलैण्ड
C. हांग कांग
D. चीन

Answer ||| D

Solution ||| भारत के सम्पूर्ण आयात का सबसे बड़ा स्त्रोत चीन है।

64.निम्न में से कौनसा 'नवरत्न' में शामिल है ?

A. कोल इण्डिया
B. भारत हेवी इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड
C. भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड
D. गैस ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड



https://www.evidyarthi.in

Answer ||| C

Solution
||| उपरोक्त में से भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड नवरत्न में शामिल है, जबकि दी गई अन्य कंप
नियां महारत्न में शामिल है ।

65.'विटीकल्चर' किसे कहते हैं ?

A. वनों का संरक्षण
B. अंगूर का उत्पादन
C. कृषि का आदिम प्रकार
D. गन्ने का उत्पादन

Answer ||| B

Solution ||| विटीकल्चर का संबंध अंगूर उत्पादन से है।

66.'मौलिक अधिकार' क्या हैं ?

A. वाद योग्य
B. अ-वाद योग्य
C. लचीले
D. कठोर

Answer ||| A

Solution
||| 'मौलिक अधिकार' वाद योग्य है (यह भारतीय संविधान के भाग 3 में अनुच्छेद 12 से अनु. 35 तक है) अर्थात् किसी भी नागरिक के मौलिक अधिकार के हनन के संबंध में न्यायालय में रिट लगाई जासकती है।

67.हेडगेवार ने किस वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की ?

A. 1927
B. 1929
C. 1924
D. 1925

Answer ||| D

Solution ||| हेडगेवार ने सन् 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी।

68.निम्नलिखित में से कौन-
सा वर्ग भारत में कम्युनिस्ट पार्टी के सामाजिक आधार में सम्मिलित नहीं है?

A. कृषि और औद्योगिक क्षेत्र मजदूर
B. व्यापारी वर्ग
C. शिक्षित वर्ग
D. युवा वर्ग

Answer ||| B

Solution
||| सामाजिक आधार कृषि और आद्योगिक क्षेत्र के मजदूर, शिक्षित वर्ग, युवा वर्ग आदि भारत में कम्युनिस्ट के है। किन्तु व्यापारिक वर्ग नहीं हैं|

69.केन्द्र में कौन-सा एक्ट द्विसदनीय विधायिका लाया ?

A. 1961 एक्ट
B. 1917 एक्ट
C. 1919 एक्ट
D. 1915 एक्ट

Answer ||| C

Solution
||| सन् 1919 के भारत शासन के अधिनियम के द्वारा केन्द्र में द्विसदनात्मक विधायिका की स्थापना की गयी जिसमें प्रथम राज्य परिषद तथा दूसरी केन्द्रीय विधान सभा थी।



https://www.evidyarthi.in/

70.'निर्देशक तत्व' क्या है ?

A. न्यायोचित
B. गैर न्यायोचित
C. कठोर
D. लचीले

Answer ||| B

Solution |||

- नीति निर्देशक तत्व गैर **न्यायोचित** है अर्थात् इसे न्यायालय द्वारा लागू नहीं किया जा सकता।

71.भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' शब्द किस संशोधन द्वारा लाया गया था ?

A. 32वां
B. 42वां
C. 44वां
D. 74वां

Answer ||| B

Solution
||| 42वां संविधान संषोधन (1976) इसके द्वारा संविधान में व्यापक परिवर्तन किए गये जिस में प्रमुख रूप से प्रस्तावना में 'समाजवादी' धर्मनिरपेक्ष एवं एकता और अखण्डता आदि शब्द जोड़े गये।

72.रबी की फसलों को बोया जाता है।

A. अक्टूबर से नवम्बर तक
B. दिसम्बर से मार्च तक
C. मई से जुलाई तक

D. अगस्त से सितम्बर तक

Answer ||| A

Solution
||| भारत में रबी की फसलों को अक्टूबर से नवम्बर तक बोया जाता है| इसकी मुख्य फसलें गेहूं, जौ, चना, मटर, सरसों, आलू आदि है।

73.भारत का सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग कौन-सा है ?

A. राष्ट्रीय राजमार्ग 1
B. राष्ट्रीय राजमार्ग 2
C. राष्ट्रीय राजमार्ग 8
D. राष्ट्रीय राजमार्ग 7

Answer ||| D

Solution |||

| राष्ट्रीय राजमार्ग | लम्बाई (किमी) |
|---|---|
| राष्ट्रीय राजमार्ग 1 | 1226 |
| राष्ट्रीय राजमार्ग 2 | 1490 |
| राष्ट्रीय राजमार्ग 8 | 2058 |
| राष्ट्रीय राजमार्ग 7 | 2369 |

74.निम्न में से कौन-सी नदी डेल्टा नहीं बनाती है ?

A. गंगा
B. स्वर्ण रेखा
C. नर्मदा
D. गोदावरी

Answer ||| C

Solution |||



https://www.evidyarthi.in

नर्मदा नदी डेल्टा का निर्माण नहीं करती।

75.निम्न में से कौन-सा भारत में निर्वनीकरण का प्रभाव नहीं है ?

A. पर्वतीय क्षेत्रों में जल स्त्रोतों का सूचना
B. जैव विविधता की हानि
C. नगरीकरण
D. मृदा अपरदन

Answer ||| C

Solution ||| वास्तव में शहरीकरण ही वनों की कटाई के प्रमुख कारणों में से एक है। बाकी सभी विकल्प वनों की कटाई के दुखद परिणाम हैं।

76.राष्ट्रीय एटलस और थिमेटिक मानचित्र संगठन स्थित है ?

A. देहरादून में
B. हैदराबाद में
C. नई दिल्ली में
D. कोलकाता में

Answer ||| D

Solution ||| .

77.भागीरथी नदी निकलती है?

A. कैलाश पर्वत से
B. मानसरोवर झील से
C. गोमुख से
D. तपोवन से

Answer ||| C

Solution
||| भागीरथी नदी गंगोत्री के पास गोमुख हिमानी से निकलती है। जो देवप्रयाग में अलकनंदा में मिलकर गंगा नदी बन जाती है|

78.नन्दा देवी शिखर स्थित है?

A. हिमाचल प्रदेश में
B. उत्तराखण्ड में
C. उत्तर प्रदेश में
D. सिक्किम में

Answer ||| B

Solution ||| नंदा देवी शिखर उत्तराखण्ड राज्य में स्थित है।

79.शिवालिक पहाड़ियां निम्न में से किसका हिस्सा हैं ?

A. अरावली
B. पश्चिम घाट
C. हिमालय
D. सतपुड़ा

Answer ||| C

Solution
||| शिवालिक पहाड़ियां हिमालय का हिस्सा है और अरावली की पहाड़ियां राजस्थान राज्य में हैं ए वं सतपुड़ा पर्वत मध्यप्रदेश राज्य में स्थित है।

80.निम्नलिखित में से कौनसा -पोताश्रय नहीं है ?



https://www.evidyarthi.in

A. कोचिन

B. बेंगलुरू

C. मैंगलोर

D. कांडला

Answer ||| B

Solution
||| भारत के प्रमुख पोताश्रय कोचीन, मैंगलोर, कांडला आदि है जबकि बेंगलुरू पोताश्रय नहीं है।

81.भारत की सबसे लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा किस देश के साथ है?

A. नेपाल

B. पाकिस्तान

C. चीन

D. बांग्लादेश

Answer ||| D

Solution ||| .

82.स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो में आयोजित 'विश्व धर्म सम्मेलन' में अपना भाषण कब दिया था ?

A. 1863
B. 1893
C. 1881
D. 1894

Answer ||| B

Solution
||| स्वामी विवेकान्द ने शिकागो में आयोजित विश्वधर्म सम्मेलन में अपना भाषण 1893 में दि या था।

83.योजना आयोग का पदेन अध्यक्ष होता है ?

A. भारत का राष्ट्रपति
B. भारत का प्रधानमंत्री
C. भारत का वित मंत्री
D. भारत का वित सचिव

Answer ||| B

Solution
||| योजना आयोग का पदेन अध्यक्ष भारत का प्रधानमंत्री होता है। यह संवैधानिक संस्था नहीं है। इसकी स्थापना 15 मार्च 1950 में की गई थी।

84.'आजाद हिन्द फौज' का प्रधान कार्यालय कहां स्थित था ?

A. टोकियो
B. रंगून
C. बर्लिन
D. दिल्ली

Answer ||| B

Solution
||| 'आजाद हिन्द फौज' का प्रधान कार्यालय म्यांमार की राजधानी रंगून में था। आजाद हिन्द फौज की स्थापना सन 1942 में रासबिहारी बोस ने की थी।

85.पानीपत का तीसरा युद्ध कब लड़ा गया ?

A. 14 जनवरी, 1760
B. 5 जनवरी, 1761
C. 14 जनवरी, 1761
D. 5 नवम्बर, 1556

Answer ||| C



https://www.evidyarthi.in

Solution
||| पानीपत का तीसरा युद्ध 14 जनवरी 1761 को मराठो एवं अहमद शाह अब्दाली की सेना के बीच हुआ। इस युद्ध में मराठों की हार हुई ।

86.'सत्यार्थ प्रकाश' ग्रन्थ के लेखक कौन थे ?

A. स्वामी दयानन्द सरस्वती
B. राजा राममोहन राय
C. अरविन्द घोष
D. स्वामी विवेकानन्द

Answer ||| A

Solution
||| 'सत्यार्थ प्रकाश' ग्रन्थ के लेखक स्वामी दयानंद सरस्वती थे। इन्होंने 1875 में 'आर्य समाज' की स्थापना की| वह एक भारतीय समाज सुधारक थे।

87.निम्न में से किसने 'गदर पार्टी' का गठन किया ?

A. वी.डी. सावरकर
B. रासबिहारी बोस
C. मदनलाल धींगरा
D. लाला हरदयाल

Answer ||| D

Solution
||| गदर पार्टी का गठन 1 नवम्बर 1913 ई में लाला हरदयाल के नेतृत्व में सेन फ्रांसिस्को (अमेरिका) में किया गया।

88.किस अधिनियम के द्वारा ब्रिटिश सरकार ने ईस्ट इण्डिया कंपनी का चाय व शक्कर के व्यापार का एकाधिकार समाप्त किया ?

A. रेग्यूलेटिंग एक्ट-1773
B. पिट्स इंडिया एक्ट-1784
C. चार्टर एक्ट-1813
D. चार्टर एक्ट – 1833

Answer ||| D

Solution ||| .

89.निम्न में से कौनसा देश 'आसियान' का सदस्य नहीं है ?

A. वियतनाम
B. थाईलैण्ड
C. दक्षिण कोरिया
D. इण्डोनेशिया

Answer ||| C

Solution
||| 'आसियान' एक दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संघ है| इसके सदस्य नाम वियतनाम, थाईलैण्ड, इण्डोनशिया, म्यांमार, सिंगापुर, मलेशिया आदि देश हैं किन्तु दक्षिण कोरिया इस संगठन का सदस्य नहीं है।

90.भोपाल गैस त्रासदी कब हुई ?

A. 2-3 दिसम्बर, 1984
B. 2-3 नवम्बर 1984
C. 23 दिसम्बर, 1985
D. 23 नवम्बर 1985

Answer ||| A



https://www.evidyarthi.in

Solution ||| भोपाल गैस त्रासदी 2-
3 दिसम्बर 1984 को मध्य रात्रि में मिथाइल आइसो सायनेट के रिसाव से हुई थी इस त्रासदी से हजारों लोग प्रभावित हुए थे।

91.किस देश ने प्रथम 'थ्री डी' दूरदर्शन प्रसारण प्रायोगिक तौर पर प्रवृत किया है ?

A. यू.के.

B. चीन

C. अमेरिका

D. दक्षिण अफ्रीका

Answer ||| B

Solution
||| सर्वप्रथम चीन में 'थ्री डी' दूरदर्शन प्रसारण का प्रायोगिक तौर पर प्रयोग करके देखा गया है।

92.'प्रधान मंत्री भारत जोड़ो परियोजना' संबंधित है ?

A. संचार से

B. सामाजिक एकीकरण से

C. नदियों के जुड़ाव से

D. राजमार्गों के विकास से

Answer ||| D

Solution
||| राजमार्गों के विकास से 'प्रधानमंत्री भारत जोड़ो परियोजना' का संबंध है। इस परियोजना के द्वारा राजमार्गों का सुव्यवस्थित विकास किया जाएगा।

93.'इम्यूनोलॉजी' के जनक कौन हैं ?

A. रॉबर्ट कोच

B. लुईस पास्वर

C. एडवर्ड जेनर

D. लैण्डस्टीनर

Answer ||| C

Solution
||| 'इम्यूनोलॉजी' के जनक एडवर्ड जेनर हैं, जिन्होंने चेचक के टीके का अविष्कार किया था।

94.'नेमसेक' पुस्तक के लेखक कौन है ?

A. किरन देसाई

B. चेतन भगत

C. अरुन्धति रॉय

D. जुम्पा लाहिड़ी

Answer ||| D

Solution
||| जुम्पा लाहिड़ी 'नेमसेक' पुस्तक के लेखक है, इनकी कुछ अन्य प्रसिद्ध कृतियां लौलैण्ड, अन कस्टम्ड अर्थ, आदि है।

95.भारत में उच्चतम न्यायलय का उद्घाटन किस तिथि में हुआ था?

A. 27 जनवरी, 1950

B. 28 जनवरी, 1950

C. 29 जनवरी, 1950

D. 30 जनवरी, 1950

Answer ||| B

Solution
||| भारत में 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू हुआ और 28 जनवरी 1950 को भारत में उ च्चतम न्यायालय का उद्घाटन किया गया।



https://www.evidyarthi.in

96.यूनाइटेड किंगडम ने केरल के साथ किस क्षेत्र मे साझेदारी करने की इच्छा व्यक्त की है?

A. बीमा क्षेत्र

B. आई.टी. सेक्टर

C. स्वास्थ्य क्षेत्र

D. शिक्षा क्षेत्र

Answer ||| C

Solution
||| यूनाइटेड किंगडम ने केरल राज्य के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में साझेदारी करने की इच्छा व्यक्त की है। इस साझेदारी के पूर्ण होने से राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार होगा ।

97.'नौका दौड' किस पर्व से सम्बन्धित है?

A. पोंगल

B. ओण्म

C. बिहू

D. नवरात्रि

Answer ||| B

Solution
||| 'नौका दौड़' पर्व का सम्बन्ध 'ओण्म' से है जो केरल राज्य का विशिष्ट पर्व है। जबकि अन्य प र्व पोंगल- तमिलनाडु का तथा बिहु असम राज्य का पर्व है।

98.प्राकृतिक आपदा ह्रासीकरण का अन्तर्राष्ट्रीय दशक माना जाता है?

A. 1991-2000
B. 1981-1990
C. 2001-2010
D. 2011-2020

Answer ||| A

Solution ||| प्राकृतिक आपदा ह्रासीकरण का अन्तर्राष्ट्रीय दशक 1991-
2000 माना जाता है। इसका मूल उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण जीवन, संपत्ति के विनाश और सामाजिक और आर्थिक विघटन के नुकसान को कम करना था

99.'मधुबनी' पेंटिंग किस राज्य से सम्बन्धित है?

A. उत्तर प्रदेश
B. बिहार
C. केरल
D. तमिलनाडु

Answer ||| B

Solution
||| मधुबनी पेंटिग का सम्बन्ध बिहार राज्य से है। यह बिहार राज्य के मिथिला क्षेत्र में दीवार पर प्लास्टर पेंटिंग है।

100.पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम (ई. पी.ए.) को अन्य किस नाम से जाना जाता है?

A. छाता विधान
B. छड़ी मुबारक
C. पर्यावरण विधान
D. इको-संरक्षा नियम

Answer ||| A

Solution
||| पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम (ई.पी.ए.) को छाता विधान के नाम से जाना जाता है यह अधि नियम पर्यावरण मे हो रही क्षति को कम करने और पर्यावरण को सुरक्षा प्रदान करने हेतु बनाया ग या है।



https://www.evidyarthi.in